**Seventeenth Loksabha**

an>

**Title: Regarding need to declare cow smuggling a National crime and make strict laws against it.**

**श्री संजय सेठ (राँची):** सभापति महोदय, झारखंड हमेशा गौ तस्करों के निशाने पर रहा है। इधर हाल के वर्षों में गौ तस्करों के हौसले परवान चढ़े हैं। इनके हौसले इस कदर बढ़ गए कि कुछ माह पूर्व एक महिला दरोगा संध्या टोप्पो की कुचलकर हत्या कर दी गई। गौ तस्कर एक बड़ा सिंडीकेट है। यह देश भर में ही काम नहीं कर रहा है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक अपराध बन चुका है। इसके तार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जुड़े हैं।

अभी 5-6 दिन पहले झारखंड के मुख्य मंत्री ने एक आदेश दिया कि पशु तस्करों पर पुलिस अब कोई कार्रवाई नहीं करेगी। जो तस्कर जानवर ले जाते हैं, पुलिस उनको रोकेगी नहीं। यह आदेश गौ तस्करों का मनोबल और हौसला बढ़ाने वाला है। हम गाय को पूजते हैं। गाय हमारी मां है। यह धार्मिक आधार तो है ही, बल्कि वैज्ञानिक आधार भी है। हमारी हर धार्मिक मान्यताओं के पीछे वैज्ञानिक आधार होता है। यही वजह है कि हम गाय को मां पुकारते हैं।

यह दुर्भाग्य है कि तुष्टिकरण में आकंठ डूबी झारखंड की यूपीए सरकार गाय की तस्करी करने वालों के हौसले बढ़ाने का काम कर रही है। अब झारखंड के गौ तस्कर गायों को पश्चिम बंगाल और संथाल के रास्ते बांग्लादेश भेज रहे हैं। हाल ही में प्रतिबंधित पीएफआई का समर्थन भी गौ तस्करों को रहा है।

महोदय, मेरा सरकार से आग्रह है कि गौ तस्करी को राष्ट्रीय अपराध घोषित किया जाए और इसके लिए कठोर कानून बनाये जायें। यदि हमने समय रहते कठोर कदम नहीं उठाये, तो हम भगवान कृष्ण के देश में गौ संकट में होंगे और हमारी पीढ़ियां हमें माफ नहीं करेंगी। मैं सदन से आग्रह करना चाहता हूं कि मुख्य मंत्री का जो आदेश है कि अब पुलिस कार्रवाई नहीं करेगी, सदन उसकी भर्त्सना करे।